# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/छा.प्रो.प्र./NMMSS/2025–26/ दिनांकः यथा हस्ताक्षर

## विज्ञप्ति

**नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कोलरशिप स्कीम (NMMSS)** के अन्तर्गत स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पात्र विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाता है।

**देय राशि**

नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कोलरशिप स्कीम (NMMSS) में चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 वीं तक नियमित अध्ययनरत रहने पर नियमानुसार राशि रू 12000/– प्रति वर्ष की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान PFMS के माध्यम से सीधे ही विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट में DBT किया जाएगा।

**परीक्षा कार्यक्रम**

**राज्य स्तरीय चयन** परीक्षा वर्ष 2026 हेतु **ऑनलाईन आवेदन एवं परीक्षा कार्यक्रम** शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से अग्रांकित अनुसार रहेगा।

| | |
|---|---|
| राज्य स्तरीय परीक्षा की तिथि | 16.11.2025 (शनिवार) |
| शाला दर्पण पोर्टल पर आवेदन प्रारम्भ तिथि | 15.09.2025 |
| आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 10.10.2025 |
| शाला दर्पण पोर्टल से प्रवेश पत्र प्राप्त करने की तिथि | 10.11.2025 |

**पात्रता** –

1. राज्य सरकार द्वारा संचालित विद्यालयो के कक्षा 8 में अध्ययनरत विद्यार्थी,( जो राजकीय सहायता प्राप्त छात्रावास में निवासरत न हो ) जिन्होने कक्षा 7 में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक अर्जित किए हो। अन्तिम चयन हेतु कक्षा 8 में भी 55 प्रतिशत अंक अर्जित करने होगें। एस.सी. और एस.टी.श्रेणी के विद्यार्थियों को अर्हक अंको में 5 प्रतिशत की छूट है।
2. अभिभावक/माता–पिता की कुल वार्षिक आय 3.5 लाख से अधिक नही होनी चाहिए।

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.09.03 14:38:58 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 17484379

**<u>परीक्षा पैटर्न–</u>**

चयन परीक्षा का प्रश्न पत्र निम्नानुसार होगा–

| क्र. स. | परीक्षण | परीक्षा पैटर्न | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1. | मानसिक योग्यता परीक्षण (MAT) बहुविकल्पीय 90 प्रश्न | विद्यार्थियों की तर्क क्षमता और आलोचनात्मक सोच, समानता, वर्गीकरण, संख्यात्मक श्रृंखला, पैटर्न धारणा, छिपे हुए आंकडे आदि प्रत्ययों पर आधारित। | कुल 180 मिनिट **(विशेष आवश्यकता वाले परीक्षार्थियों को 30 मिनट का अतिरिक्त समय)** |
| 2. | शैक्षिक योग्यता परीक्षण (SAT) बहुविकल्पीय 90 प्रश्न | शैक्षिक योग्यता परीक्षा में कक्षा 7 व 8 के स्तर के विज्ञान, सामाजिक अध्ययन और गणित विषयों के प्रश्न। | |

**नोट** :– परीक्षा में ओ.एम.आर.शीट उतर पुस्तिका के रूप में प्रयुक्त की जायेगी। परीक्षा पाठ्यक्रम शाला दर्पण पोर्टल के NMMSS टैब पर उपलब्ध है।

**<u>अन्य महत्वपूर्ण निर्देश</u>**

1. चयन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक 10.11.2025 से शाला दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध रहेंगें। प्रवेश पत्र आवेदन क्रमांक व जन्म तिथि डालने पर ऑनलाईन डाउनलोड किया जा सकता है।
2. योजना में राजस्थान राज्य का कोटा (छात्रवृत्ति संख्या) 5471 है। जिसका जिलेवार और श्रेणीवार वर्गीकरण किया हुआ है। अतः छात्रवृत्ति की पात्रता के लिए जिला मेरिट में आना आवश्यक है।
3. आवेदकों को चयन परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होगे। SC व ST श्रेणियों के आवेदकों को न्यूनतम कट ऑफ अंक 32 प्रतिशत, दिव्यांग श्रेणी के आवेदकों को अपनी श्रेणी में 3 प्रतिशत आरक्षण नियमानुसार देय है।

अन्य विस्तृत जानकारी संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा कार्यालय एवं विभागीय वेबसाईट एंव शाला दर्पण पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।

सीताराम जाट
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर, एवं पदेन
आ.रा.राज्य परियोजना निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान

Signature Not Verified
Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.09.03 14:38:58 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 17484379